# ग्राम किन्द्री में पानी के लिए मची त्राहि त्राहि

## जल जीवन मिशन की दुर्गति पड़ी भारी, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**मंडला, देशबन्धु।** गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है गर्मी के मौसम में पानी की समस्या ज्यादा परेशान करती है और लोग इस समय पानी की समस्या से परेशान होने लगे हैं लगातार पानी की समस्या को लेकर खबर प्रकाशित की जा रही है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है जल जीवन मिशन की दुर्गति मंडला जिले में हो गई है जिसे सुधारने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है जल जीवन मिशन के काम तेजी के साथ पूरे नहीं कराये जा रहे हैं इसकी वजह से पानी की समस्या दूर नहीं हो पा रही है।

ग्राम किन्द्री के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना 3 माह से बंद है पाईप लाईन विस्तार न होने के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा। पानी की विकट समस्या है जल जीवन मिशन महत्वपूर्ण योजना है शासन से जो काम हुआ है गुणवत्ता विहीन हुआ है। 2 बोर कराये गये विभाग द्वारा क्रेंसिग पाईप नहीं डाला गया है और आधे हिस्से में फुटबाल डाल दिया गया। यहां लगभग 1500 आबादी है। बताया गया कि यदि 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्राम पौंडी में चकाजाम किया जायेगा। जल जीवन मिशन के काम जहां देखो वहां अधर में लटके हुए हैं प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन नहीं किया जा रहा है चर्चा तो यह भी चल रही है कि अधूरे काम को ही ग्राम पंचायत को हैंडोवर करने की कोशिश की जा रही है या कर दी गई है सही क्या है इस विषय में जांच पड़ताल कराई जाए बिना पूरा काम कराई ग्राम पंचायत को हैंडोवर नहीं करने के आदेश जारी किए जाएं जहां इस तरह का कार्य कर दिया गया है वहां की जांच की जाए कि आखिरकार पंचायत को बिना काम पूरा किया हैंडोवर कैसे कर दिया गया पानी की समस्या सुलझाने के लिए संबंधित विभाग विशेष ध्यान नहीं दे रहा है सिर्फ औपचारिकता पूरी कर रहा है।





# रंगों से सराबोर रहा होलिका उत्सव

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** नगर एवं क्षेत्र में पांच दिवसीय होलिका उत्सव में आज भी होली मिलन के कार्यक्रम जारी रहें। इस वर्ष होली पर्व में महिलाओं में ख़ासा उत्साह देखा गया। मुहल्ला- मुहल्ला,और कॉलोनियों में महिला मंडल ने संदेश देता रंगोत्सव का आयोजन किया मुक्ति मार्ग, जन्तीपुर, भुआ, बाजार मुहल्ला में फाग, होली के गीत, पुष्प और गुलाल की सुखी होली का सफ़ल आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

बिछिया विधानसभा बिछिया के समाजसेवी डॉ विजय आनंद मरावी द्वारा होली के अवसर पर होली उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया।क्षेत्रीय जनता सहित कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने होली के पारंपरिक रंगों में सराबोर होकर समरसता और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ विजय आनंद मरावी ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रंग गुलाल और भव्य आयोजन ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा नगर में युवा टोली, फाग टोली, ब्राम्हण समाज और कालोनियों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पंचमी होंगे रंगोत्सव के भव्य आयोजन नगर में रंगपंचमी पर जोर जोर से होली मिलन समारोह का आयोजन अनेक स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

## सार-समाचार

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक



**मण्डला।** मध्यप्रदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न विषयों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन किया जाए। निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने तथा इपिक कार्ड जारी करने जैसे विषयों को गंभीरता से लें। डुप्लीकेट ईपिक कार्ड के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में जिला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी सहित संबंधित शामिल हुए।

### कब बंद होगा प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों का शोषण

**मंडला।** मध्य प्रदेश की मंडला जिले सहित मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में संचालित प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों का शोषण हो रहा है चर्चा चल रही है कि शिक्षकों को कम वेतन पर काम कराया जा रहा है पर्याप्त वेतन नहीं दिया जा रहा है शिक्षकों को कोई नियुक्ति पत्र भी नहीं दिया जा रहा है बिना नियुक्ति पत्र के प्राइवेट स्कूलों में शिक्षक काम कर रहे हैं बताया जा रहा है कि अधिकांश प्राइवेट स्कूलों में नॉन बीएड शिक्षक भी काम कर रहे हैं प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों का शोषण आम बात हो गई है बेहद कम वेतन देकर ज्यादा काम करना प्राइवेट स्कूलों का चलन हो गया है प्राइवेट स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को पर्याप्त वेतन दिया जाए और उन्हें नियुक्ति का भी पत्र दिया जाए तो बेहतर होगा ऐसी जन अपेक्षा है।

### कान्हा नेशनल पार्क के.सरही गेट तक बन रही घटिया सड़क

**मंडला।** यह सभी को ज्ञात है कि मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सड़कों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है गुणवत्ता को किनारे में रखकर सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है एक ऐसा ही सड़क निर्माण चर्चा का विषय बना हुआ है बताया जा रहा है की बिछिया से सर ही गेट तक सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता दिखाई नहीं दे रही है कान्हा नेशनल पार्क का यह महत्वपूर्ण गेट है सर ही तक सड़क निर्माण इसलिए कराया जा रहा है ताकि पर्यटकों को आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े लेकिन देखा या जा रहा है कि सड़क में गुणवत्ता की कमी बनी हुई है यह सड़क जल्दी ही दम तोड़ देगा सड़क का निर्माण कार्य कोई ठेकेदार कर रहा है नागरिकों की मांग है की सड़क निर्माण की तत्काल जांच किया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक कराया जाए तो बेहतर होगा सर ही गेट तक बन रही सड़क इस समय पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है ठेकेदार कौन है किस विभाग द्वारा काम कराया जा रहा है।

### गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**मण्डला।** रबी सीजन के फसलों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। कृषक अपने नजदीकि सहकारी समिति, एमपी ऑनलाईन, सीएससी एवं एमपी किसान ऐप के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक कृषि श्रीमती मधु अली ने बताया कि गेहूँ की फसल के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है, जबकि चना, मसूर एवं सरसों की फसलों के लिए कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 21 मार्च है। सभी कृषक बंधुओं से समय पर पंजीयन कार्य कराने की अपील की गई है।

# खनिज माफियाओं की जेब में कैद नियम कानून ...?

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में खनिज संपदा सुरक्षित नहीं है यहां पर खनिज संपदा की लूट कई वर्षों से की जा रही है जिसे बंद करने के लिए शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है देखा यह जा रहा है कि मंडला जिले में खनिज माफिया सक्रिय हैं और उनके जेब में नियम कानून कैद हो गए हैं नियम कानून को ताक में रखकर इनके द्वारा खनिज संपदा लूटी जा रही है मध्य प्रदेश के मंडला जिले में जहां देखो वहां स्टोन क्रेशर संचालित हो रहे हैं स्टोन क्रेशर स्थल में नियम कानून का पालन नहीं हो रहा है नियम कानून को किनारे रखकर स्टोन क्रशरों का संचालन किया जा रहा है स्टोन क्रेशर स्थल में डस्ट अरेस्टर नहीं लगाया गया है वृक्षारोपण पर्याप्त मात्रा में नहीं किया गया है पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है स्टोन क्रेशर स्थल में काम करने वाल मजदूरों का विधिवत पंजीयन नहीं है इनका बीमा भी कराया गया है या नहीं यह जांच का विषय हो गया है स्टोन क्रेशर के आसपास की भूमि बंजर हो रही है पर्यावरण लगातार प्रदूषित होते जा रहा है पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रमाण पत्र भी इनके पास है या नहीं इस विषय की कोई जांच पड़ताल नहीं की जा रही है कितनी रॉयल्टी उनके द्वारा जमा की जा रही है या नहीं की जा रही है इस विषय पर भी कोई जांच नहीं की जा रही है जहां देखो वहां अवैध उत्खनन किया जा रहा है और स्टोन क्रेशर संचालित किया जा रहा है रात में भी स्टोन क्रेशर संचालित किए जाने की खबर मिल रही है जिसकी वजह से लोगों की नींद हराम हो रही है कुल मिलाकर मध्य प्रदेश के मंडला जिले में खनिज संपदा लूटी जा रही है और शासन प्रशासन द्वारा रोक लगाने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है रेत का भी अवैध कारोबार इस जिले में किए जाने की चर्चा चल रही है नागरिकों की मांग है कि तत्काल जांच की जाए।

# ब्रम्हमुहूर्त में आरती सेवादारों ने मनाई रंग पंचमी



**मण्डला।** सूर्यकुण्ड धाम में मंगलवार को ब्रम्हमुहूर्त आरती सेवादारों ने ब्रम्हमुहूर्त 3:45 में होली मिलन समारोह रंग पंचमी कार्यक्रम आयोजित किया। यहां पर भक्ति और उल्लास का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रह्म मुहूर्त में ही बड़ी संख्या में भक्त सूर्यकुण्ड धाम स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहाँ पहुंचे। धाम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पूरा सूर्यकुण्ड धाम वीर हनुमान के जयकारों से गूंज उठा ब्रह्म मुहूर्त में भक्तों ने वीर हनुमान की महाआरती की। इसके बाद धार्मिक गीतों पर लोग नाचते-झूमते नजर आए। सूर्यकुण्ड धाम का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया था मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर के सेवादारों ने श्रृद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की थी इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# सुप्रसिद्ध कवियों का जमावड़ा 21 मार्च को

**मण्डला।** नगर के महिष्मति घाट में 21 मार्च को होने वाले कवि सम्मेलन को लेकर सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। यहां पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में बताई जा रही हैं। श्रतोओं के लिए विशेष बैठक इंतजाम किए गए हैं। वहीं कार्यक्रम स्थल को आकर्षण और भव्य बनानें की रणनीति तैयारी की गई।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। काव्यांजलि माहिष्मति नगरी मंडला के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मलेन में वरिष्ठ कवि विष्णु सक्सेना गीतकार, कवि सुदीप भोला (लपेटे में नेता फेम), कवयित्री सुमित्रा सरल श्रृंगार रस, कवि सुमित ओरछा सबरस मंच संचालक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन शाम 7 बजे पंचचैंकी महाआरती के पश्चात् आरंभ होगा। देश के जाने माने कवियों का मंडला महिष्मति नगरी में पहली बार आगमन हो रहा है। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी अंतिम चरण पर बताई जा रही हैं। कवि दृय द्वारा 21 मार्च की शाम 7 बजे मां नर्मदा की पंचचैंकी महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात् कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड

**मण्डला, देशबधु।** माननीय पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी दिलीप धुर्वे पिता गंगाराम धुर्वे आयु 39 वर्ष निवासी ग्राम मोटोटोला थाना महाराजपुर हाल मुकाम ग्राम केवलारी चैकी अंजनिया थाना बम्हनी जिला मण्डला को धारा 302, 404 भादवि में आजीवन कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी के अनुसार बुद्धोबाई अ.सा.02 ने इस आशय की गुम इंसान सूचना प्रदर्श पी-13 दिनांक 17.01.2023 के 20.15 बजे पुलिस चौकी अंजनिया थाना बम्हनी में लेखबद्ध करायी कि उसकी पुत्री रेखा धुर्वे दिनांक 17.01.2023 को प्रात: 10.00 बजे लकड़ी लेने का कहकर घर से गयी थी और वापस नहीं आयी। वह दुबली-पतली, सावली रंग की है और लाल रंग का साड़ी-ब्लाउज पहन रखा है। इस देहाती नालसी के आधार पर आरक्षी केन्द्र बम्हनी द्वारा गुमशुदा व्यक्ति पंजीजन 5/23 दर्ज किया। गुमशुदा इंसान रेखा धुर्वे का शव दिनांक 18.01.2023 को 04.14 मिनट पर मिलने पर अप्राकृतिक मृत्यु प्रकरण क.04/23 दर्ज किया गया। शिवरतन कुलस्ते अ.सा.01 ने इस आशय की देहाती मर्ग प्रदर्श पी-2 तथा देहाती नालसी प्रदर्श पी-3 दर्ज करायी कि उसकी चचेरी बहन रेखा की शादी ग्राम मोटोटोला के दिलीप धुर्वे के साथ करीब 12-13 साल पहले हुई थी जिनके दो लड़के है। रेखा और उसका पति दिलीप अपने ससुराल केवलारी में ही रहते है। उसका जीजा दिलीप उसकी बहन रेखा के चरित्र पर संदेह करता है और इस बात लेकर लड़ाई-झगड़ा करता है। दिनांक 17.01.2023 को उसकी बहन और उसका जीजा दिलीप धुर्वे सुबह 10.00 बजे चिकनिया नाला खेत के तरफ लकड़ी लेने गये थे जो शाम तक घर वापस नहीं आये। उसका जीजा ग्राम हिरनाईटोला में उसके मामा के लड़के मनोज तेकाम के घर जाकर कह रहा था कि उसने रेखा बाई को मार डाला तब मनोज ने इसकी जानकारी उसे फोन पर दी तब वह और उसकी बड़ी मां बुद्धोवाई पुलिस चौकी अंजनिया रिपोर्ट करने गये थे। वहां से पुलिस के साथ उसकी बहन रेखा की तलाश चिकनिया नाला के पास करने पर चिकनिया नाला के पास खेतों में उसकी लाश मिली। उसके गले में आंख के पास चोट के निशान थे।

मामले की संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी दिलीप धुर्वे पिता गंगाराम धुर्वे आयु 39 वर्ष निवासी ग्राम मोटोटोला थाना महाराजपुर, हाल मुकाम ग्राम केवलारी चैकी अंजनिया थाना बम्हनी जिला मण्डला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अभियोजन संचालन अपर लोक अभियोजक बृजेश चैरसिया के द्वारा की गई है।

# मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के संबंध में राजनैतिक दलों की समस्याओं के निराकरण तथा उनके सुझाव लिए गए। आयोग द्वारा निर्धारित चार अर्हता तिथियों के आधार पर नाम जुड़वाने की सुविधा के संबंध में प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने पार्टी प्रतिनिधियों से कहा कि जिन मतदाताओं के नाम जनवरी में जोड़े गये हैं किन्तु अभी तक उनके ईपिक कार्ड संबंधित को नहीं मिले हैं, ऐसे मतदाता ई-ईपिक जनरेट करा सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन कार्यालय जाकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में ऑनलाईन मोबाईल ऐप, वोटर हेल्पलाईन आदि के विषय में भी प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# कल 20 मार्च को अवंती बाई बलिदान दिवस पर आयोजन



**मण्डला, देशबन्धु।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रणेता 1857 की क्रांति में शहीद हुई वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस देश के विभिन्न स्थानों में गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल 20 मार्च को मण्डला के लालीपुर प्रतिमा स्थल पर दोपहर 12 बजे से अवंती बाई संघर्ष समिति एवं जिला लोधी क्षत्रीय समाज मण्डला द्वारा समारोह आयोजित है। देशभक्ति एवं राष्ट्रीय महत्व के उक्त कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा लोगों से सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

# रोजगार मेले का आयोजन 20 मार्च को

**मण्डला, देशबन्धु।** रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। 20 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक मेले का आयोजन होगा। 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक, युवतियां इस मेले में पहुंचकर योग्यता एवं रूचि के अनुसार निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए 32 आवेदन




**मण्डला, देशबन्धु।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने 32 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का यथोचित निराकरण कराएं। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में नैनपुर निवासी अब्दुल खालिक कुरैशी ने श्रवण यंत्र, गुरारखेड़ा निवासी गणेश प्रसाद ने त्रुटि सुधार, केहरपुर निवासी अवधेश वाजपेयी ने वृद्धापेंशन, चिरईडोंगरी निवासी दीक्षा ने सर्पदंश की आर्थिक सहायता के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।